# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प॰नि॰6678 / 25

दिनांक–29.04.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के समस्त सम्माननीय विभागाध्यक्षों तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है विलम्बित सत्र को नियमित करने के दृष्टिगत 2025 वर्षीय एवं सम सेमेस्टर के अधोलिखित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को शीघ्र सम्पन्न कराने की अपिरिहार्यता के कारण संस्थागत, व्यक्तिगत, बैक / भूतपूर्व / एकविषयक परीक्षावेदनपत्र पूरित कराना आवश्यक है–

1. **2025 वर्षीय प्रथमा, पूर्वमध्यमा प्रथम, पूर्वमध्यमा द्वितीय, उत्तरमध्यमा प्रथम, उत्तरमध्यमा द्वितीय।**
2. **2025 वर्षीय तृतीय खण्ड (मात्र भूतपूर्व व बैक)।**
3. **सत्र 2023–2026 शास्त्री चतुर्थ सेमेस्टर।**
4. **सत्र 2024–2026 आचार्य द्वितीय सेमेस्टर।**
5. **सत्र 2023–2025 आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर।**

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के लिये परीक्षावेदनपत्र का पूर्व निर्धारित परीक्षा शुल्क की दर पर आनलाईन पद्धति से **गेटवे** के द्वारा, विश्वविद्यालय **कोष** में एतदर्थ निर्धारित **तिथि** के अर्न्तगत **पूरित** करना अनिवार्य होगा।

1. **परीक्षावेदन पूरित करना– दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 10.05.2025 तक की मध्यरात्रि तक।**
2. **दिनांक 11.05.2025 से दिनांक 14.05.2025 तक मात्र छात्रों की नामावली सम्बन्धित पटल सहायकों को प्राप्त कराया जा सकेगा।**

2. उपर्युक्त के क्रम में संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों ने **एक ही महाविद्यालय में दो बार अथवा भिन्न–भिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है जो नियमानुकूल नहीं है।** अतः इस सम्बन्ध में सभी छात्रों एवं प्राचार्यो को निर्देश दिया जाता है कि **एक महाविद्यालय से एक ही बार प्रवेश सुनिश्चित मानकर अपना–अपना परीक्षावेदनपत्र पूरित करेंगे अन्यथा दोनों परीक्षावेदनपत्र निरस्त कर दिया जायेगा। इस परीक्षावेदनपत्र निरस्तीकरण के लिये छात्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ही जिम्मेदार होंगे।**

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

29/04/25

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
6. आशुलिपिक कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
7. अधीक्षक(परीक्षा)।
8. अधीक्षक, छात्र कल्याण कार्यालय।
9. जनसम्पर्क कार्यालय।
10. सम्बद्ध पत्रावली।

29/04/25

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**